कार्यालयः वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर।

Office of Conservator of Forests, Territorial Circle, Medininagar.

ईमेल / Email: cfmedininagar@gmail.com

दूरभाष / Phone: 06562.224953,8987790232

पत्रांक– 165 मेदिनीनगर, दिनांकः– 14-3-2026

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

विषयः– लातेहार जिला अंतर्गत बनहरदी कोल ब्लॉक हेतु कुल 515.32 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव सख्या (FP/JH/MIN/147316/2021) के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र 8–18/2024–FC दिनांक 08.02.2026 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 198 दिनांक 12.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि लातेहार वन प्रमण्डल अन्तर्गत बनहरदी कोल ब्लॉक हेतु (अधिसूचित वनभूमि 497.02 हे0 एवं जंगल–झाड़ी भूमि 18.30 हे0) कुल 515.32 हे0 वनभूमि अपयोजन हेतु समर्पित प्रस्ताव में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 8–18/2024–FC दिनांक 08.02.2026 द्वारा 04 बिन्दुओं पर की गयी पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन इस कार्यालय के पत्रांक 156 दिनांक 10.03.2026 द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची अग्रसारित किया गया था।

उक्त समर्पित निराकरण प्रतिवदेन के सन्दर्भ में प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 198 दिनांक 12.03.2026 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा सूचित किया गया है कि भारत सरकार के प्रसंगाधीन पत्र द्वारा की गयी पृच्छाओं के अनुरूप अनुपालन प्रतिवेदन नहीं है।

अतः अनुरोध है कि भारत सरकार के प्रसंगाधीन पत्र द्वारा की गयी पृच्छाओं के अनुरूप अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु0यथोक्त।

विश्वासभाजन,

14/3/26

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर।

14/3/26

P.F.-16